बरेली, गुरुवार
23 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO : I TOP

– एसआरएमएस स्टेडियम में फुटबाल टूर्नामेंट सुबह आठ बजे से।

PAGE NO : IV BOTTOM

क्वार्टर फाइनल में पहुंची एसआर, हार्टमैन व आर्मी स्कूल टीम

- चौथे मैच में एसआर इंटरनेशनल ने बेदी को 4 गोल से हराया
- पांचवें मैच में चाइल्ड केयर ने विद्या वर्ल्ड पर 3-2 से पाई जीत

जासं, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट सत्र दो के दूसरे दिन एसआर इंटरनेशनल स्कूल, चाइल्ड केयर बिशप कोनराड स्कूल, हार्टमैन कालेज और आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग ने जीत कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, डीपीएस, सोफ्टी पब्लिक स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग मंगलवार को ही अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित कर चुके हैं। चारों क्वार्टर फाइनल मैच गुरुवार को खेले जाएंगे।

एसआरएमएस फुटबाल स्टेडियम में ग्रुप बी के चौथे मैच में एसआर इंटरनेशनल स्कूल और बेदी इंटरनेशनल स्कूल की टीमें आमने सामने आईं। बेदी के तेगप्रीत सिंह ने 5वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन एसआर के हमजा ने 8वें मिनट में गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। हमजा ने 14वें और 28वें मिनट में गोल कर अपनी टीम 3-1 से बढ़त दिलाई। लेकिन बेदी के तेगप्रीत सिंह ने 29वें मिनट में गोल कर बढ़त को कम किया। एसआर के वाहिद ने 49वें मिनट में गोल कर टीम को दो के मुकाबले 4 गोल पर पहुंचाया। यह बढ़त अंत तक कायम रही और एसआर ने दो के मुकाबले 4 गोल से मैच जीत लिया।

एसआरएमएस स्टेडियम में फुटबाल खेलते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

जीत के लिए खिलाड़ियों ने की मशक्कत : पांचवां मैच चाइल्ड केयर बिशप कोनराड स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल विंग के बीच हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। टाईब्रेकर में पहुंचे मैच में चाइल्ड केयर ने 3 और विद्या वर्ल्ड ने 2 गोल किए। नतीजा चाइल्ड केयर ने 3-2 से मैच जीत लिया। छठा मैच सेक्रेड हार्ट्स और हार्टमैन के बीच हुआ। हार्टमैन के वात्सल्य खन्ना ने 11वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। महद खान ने 38वें मिनट और अभिषेक अहूजा ने 39वें मिनट में 1-1 गोल कर बढ़त को 3-0 कर दिया। सेक्रेड हार्ट की टीम कोई गोल नहीं कर सकी और हार्टमैन ने 3-0 से मुकाबला अपने नाम किया। सातवां मैच आर्मी स्कूल जूनियर विंग और जीआरएम स्कूल के बीच खेला गया। इसमें आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग ने 2-0 गोल से जीआरएम पर जीत हासिल की। एपीएस की ओर से तन्मय और आदर्श ने 1-1 गोल किए। बरेली जिला फुटबाल संघ के सचिव मून रॉबिन्सन, अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी व कोच नसीम अख्तर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

चैंपियंस ट्राफी में इन्वर्टिस इन्विंसिबल्स विजेता

बरेली : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में आयोजित इन्वर्टिस चैंपियंस ट्राफी 2026 का समापन उत्साह और रोमांच के साथ बुधवार को हुआ। इन्वर्टिस इन्विंसिबल्स और शूरवीर के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। फाइनल मैच बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इन्वर्टिस इन्विंसिबल्स ने अपनी उत्कृष्ट रणनीति, बेहतर टीमवर्क और दमदार खेल के बल पर जीत हासिल करते हुए ट्राफी अपने नाम की। प्रति कुलाधिपति पार्थ गौतम ने विजेता टीम को सम्मानित किया। प्रतियोगिता कुलाधिपति डा. उमेश गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। (वि.)